## सिनेमा से

● रिपोर्टर

### तलाक के बाद एआर रहमान ने साझा की पहली पोस्ट, जाहिर की इस बात की खुशी



**मुंबई।** एआर रहमान ने 29 साल की शादी के बाद पत्नी सायरा बानो से अलगाव का एलान कर दिया है। इसी बीच संगीतकार अपनी हालिया पोस्ट में इस बात की खुशी जाहिर करते नजर आए हैं।

संगीतकार एआर रहमान ने 19 नवम्बर रात अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया जब उन्होंने और उनकी पत्नी सायरा बानो ने शादी के 29 साल बाद अलग होने की घोषणा की। अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर साझा किए गए उस पोस्ट के बाद रहमान अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि, शुक्रवार की सुबह संगीतकार ने अलगाव के बाद अपनी पहली सोशल मीडिया पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में संगीतकार को खुशी जाहिर करते देखा गया है।

### रिद्धिमा ने बताईं ऋषि कपूर की दो आखिरी ख्वाहिशें, अभिनेता के देहांत के बाद हुईं पूरी



**मुंबई।** बॉलीवुड के दिवंगत दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर का निधन साल 30 अप्रैल 2020 को हो गया था। उनके निधन के बाद हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान रिद्धिमा ने अपने पिता की आखिरी दो इच्छाओं को जिक्र करते हुए बताया कि उनके पिता रणबीर की शादी औक बांद्रा में स्थित उनका घर पूरी तरह से बना हुआ देखना चाहते थे। उनके पिता की दोनों आखिरी ख्वाहिशें उनके देहांत के बाद अब पूरी होने वाली हैं। रिद्धिमा ने कहा, 'उनकी आखिरी दो इच्छाएं थीं रणबीर की शादी और घर तैयार करवाना, तो घर लगभग बनकर तैयार है, रणबीर की शादी हो चुकी है।'

## बॉलीवुड

### क्रिश्चियन पैदा हुई थी, हिंदू रीति रिवाज से की शादी

# नयनतारा ने प्यार के लिए बदला धर्म



● मंथन संवाददाता

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। इस फिल्म में दिखाया गया कि कैसे नयनतारा ने ईसाई धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया। नयनतारा अपनी डॉक्यूमेंट्री में नजर आ रही हैं। नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरीटेल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर हिट नजर आ रही हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे अभिनेत्री ने ईसाई धर्म से धर्मांतरण के बाद विग्नेश शिवन के साथ हिंदू रीति रिवाज से शादी करने का फैसला किया। नयनतारा ने ईसाई होने के बाद भी पति विग्नेश के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी की। नयनतारा ने बताया कि वे जन्म से ही ईसाई हैं। उनकी मां हमेशा उन्हें शादी के गाउन में देखना चाहती थीं, हालांकि मैं फिर हिंदू बन गई और मुझे हिंदू रीति रिवाजों से ही शादी करनी थी। अभिनेत्री ने इसके अलावा भी हिंदू रीति रिवाजों से शादी करने का फैसला लिया।

**नयनतारा का ये है असली नाम:** अभिनेत्री नयनतारा का असली नाम डायना कुरियन है। इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने अपना नाम बदलकर नयनतारा कर लिया। साल 2011 में उन्होंने अपना धर्म बदल लिया था। वे पति विग्नेश शिवन के साथ तिरुपति मंदिर में शादी करना चाहती थीं।

## अनोखी ख़बरें

### विश्व की सबसे पुरानी दीवार चीन में नहीं बिहार के राजगीर में



विश्व की सबसे पुरानी दीवार चीन में नहीं बिहार के राजगीर में 'द ग्रेट वॉल ऑफ बिहार' है। ये दीवार भारत के बिहार राज्य में नालंदा के राजगीर की पहाड़ियों पर स्थित है जिसे हम 'द ग्रेट वॉल ऑफ बिहार' कह सकते हैं। मगध साम्राज्य का यह सुरक्षा कवच 'साइक्लोपियन वॉल' के नाम से जाना जाता है। यह दीवार इतनी पुरानी है कि अब इसे विश्व धरोहर सूची में शामिल करने की मुहिम शुरु हो चुकी है। दीवार मूल रूप से चार मीटर ऊंची है और 40 किलोमीटर लंबी दीवार है, राजगीर शहर के चारो ओर पत्थर के ब्लॉक से बना है। नालंदा और नवादा जिले की सीमा से सटे राजगीर स्थित वनगंगा के दोनों ओर के पर्वतों पर कई किलोमीटर ऊपर तक गए ये अवशेष हैं। यह दीवार वनगंगा के पश्चिमी ओर के सोनागिरी और पूर्वी क्षेत्र के उदयगिरी पर्वत श्रृंखलाओं के उपर तक फैला हुआ है। बिहार के नालंदा जिले के राजगीर की पहाड़ियों पर बनाई गई यह दीवार अपने आप में खास है। दीवार राजगीर की राजधानी शहर की किलावन्दी के लिए थी। इस दीवार के निर्माण के बारे में कहा जाता है कि जरासंध ने इसका निर्माण राजधानी को सुरक्षित करने के लिए करवाया था। यह लगभग 2500( 500 बीसी) साल पहले मुख्य रूप से बाहरी आक्रमणकारियों और दुश्मनों से अपनी राजधानी की रक्षा के उद्देश्य से मगध साम्राज्य के सम्राट बिम्बिसार के द्वारा बनाया गया था। मगध सम्राज्य में राजगृह एक संपन्न नगरी हुआ करती थी। इसलिए ऐसे में बाहरी आक्रमणकारियों का डर हमेशा बना रहता था। ऐसे में नगर की सुरक्षा के लिए ऐसी दीवार की जरूरत महसूस की गई

### पाकिस्तान में मौजूद है 'दुनिया का सबसे बड़ा किला'



रानीकोट फोर्ट, जिसे 'सिंध की दीवार' भी कहा जाता है। 32 किमी के दायरे में फैला हुआ है और इसे दुनिया का सबसे बड़ा किला माना जाता है। पाकिस्तान किसी और चीज में नंबर वन हो न हो, लेकिन यहां एक ऐसी चीज है, जिसमें वो नंबर वन जरूर है और ये चीज है यहां मौजूद एक किला, जिसे दुनिया के सबसे बड़े किले के तौर पर जाना जाता है। हम जिस किले की बात कर रहे हैं वो है रानीकोट फोर्ट, जिसे 'सिंध की दीवार' भी कहा जाता है। 32 कि।मी के दायरे में फैला हुआ है और इसे दुनिया का सबसे बड़ा किला माना जाता है। यह किला यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में शामिल है। साल 1993 में इसे पाकिस्तान के नेशनल कमीशन फॉर यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा देने के लिए नामित किया गया था।

नहीं मालूम किसने बनवाया था: आपको जानकर हैरानी होगी कि इस किले की दीवार की तुलना चीन की दीवार से की जाती है, जिसकी लंबाई 6400 किलोमीटर है। इस किले के निर्माण को लेकर पाकिस्तान में शुरू से ही तरह-तरह की बातें होती हैं।

## खेल-खिलाड़ी

### पहले भारतीय क्रिकेटर घबराते थे, अब ऑस्ट्रेलिया थरथराता है... 2001 की वो तारीख जिसने बदल दिया सारा इतिहास



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के क्रिकेट सफर की शुरुआत आजादी के बाद शुरू होता है। पहली सीरीज 1947 में खेली गई, जिसमें आजाद भारत 4 मैच हार गया। भारत से पहली सीरीज जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया का अगले 53 साल तक दबदबा रहता है। टेस्ट क्रिकेट के इस सफर में साल 2001 में एक दिन ऐसा आता है जो पूरे इतिहास को पलट देता है। जैसे सब कुछ बदल जाता है। तब से ऑस्ट्रेलिया पर भारत का दबदबा साफ देखा जा सकता है।

**जब द्रविड़-लक्ष्मण ने लंगर डाला**

14 मार्च 2001 यह वही दिन था, जब भारत कोलकाता टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फॉलोऑन खेल रहा था। मैच के पहले तीन दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहे थे। चौथे दिन भारत हार टालने के लिए संघर्ष कर रहा था। दिन की शुरुआत हुई 4 विकेट पर 254 रन से। वीवीएस लक्ष्मण 109 रन से आगे खेलना शुरू करते हैं तो राहुल द्रविड़ 7 रन से। दोनों दिन भर खेलते हैं। जिस ऑस्ट्रेलियन अटैक के सामने घंटे भर टिकना मुश्किल हुआ करता था, उसके सामने लक्ष्मण और द्रविड़ लंगर डाल देते हैं। दोनों दिनभर आउट ही नहीं होते। पूरे 90 ओवर बैटिंग करते हैं और भारत का स्कोर 4 विकेट पर 589 रन पहुंचा देते हैं। भारत ड्राइविंग सीट पर आ चुका होता है। कमाल की बात है कि एक वो दिन था और एक यह। भारत ने तब से अब तक ड्राइविंग सीट पर अपना कब्जा कायम रखा है।

## बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा, 'यह सौभाग्य है. मेरा खुद का तरीका है. विराट अलग थे, रोहित

# कप्तान बनते ही जसप्रीत बुमराह के बदले सुर, अचानक खुद को रोहित-विराट से बताया अलग

● मंथन संवाददाता

**स्पोर्ट डेस्क।** बॉर्डर-गवास्कर ट्रॉफी के लिए रोहित शर्मा को टीम इंडिया का नियमित कप्तान चुना गया और जसप्रीत बुमराह को उनका डिप्टी बनाया गया है। पर्थ में खेले जाने वाले सीरीज के पहले मुकाबले में रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं रहेंगे, जिनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। बुमराह ने सीरीज की शुरुआत से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया, जहां उनके सुर बदले हुए नजर आए।

बुमराह ने खुद को विराट कोहली और रोहित शर्मा से अलग बताया। दरअसल बुमराह ने अपनी कप्तानी के तरीके को रोहित और कोहली से अलग बताया। बुमराह ने कहा कि कप्तानी के लिए उनके पास खुद का तरीका है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा, 'यह सौभाग्य है। मेरा खुद का तरीका है। विराट अलग थे, रोहित अलग थे और मेरा खुद का तरीका है। मैं इसे पद के रूप में नहीं देखता। मुझे जिम्मेदारी लेना पसंद है।'

बुमराह ने आगे कहा, 'मैंने रोहित से पहले बात की थी। लेकिन यहां आने के बाद मुझे कप्तानी करने के बारे में कुछ स्पष्टता मिली। इसके अलावा बुमराह ने कहा कि तेज गेंदबाज ज्यादा बेहतर कप्तान होते हैं। उन्होंने पैट कमिंस का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह शानदार काम कर रहे हैं। बुमराह ने कहा, 'मैंने हमेशा तेज गेंदबाजों को कप्तान बनाने की वकालत की है। वे चतुराई में बेहतर होते हैं। पैट ने शानदार काम किया है। पहले भी कई मॉडल देखने को मिल चुके हैं। कपिल देव और अतीत में कई अन्य कप्तान। उम्मीद है एक नई परंपरा की शुरुआत होगी।'

**बुमराह ने 2022 में की थी कप्तानी**

बता दें कि जसप्रीत बुमराह ने एक बार 2022 में कप्तानी संभाली थी। टीम इंडिया ने 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एक रीशेड्यूल टेस्ट खेला था, जिसमें जसप्रीत बुमराह ने भारत की कमान संभाली थी। मुकाबले में टीम इंडिया को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### हार्दिक पंड्या फिर बने नंबर टी20 के नंबर-1 ऑलराउंडर, बैटिंग में तिलक वर्मा की तूफानी छलांग

● मंथन विदेश ब्यूरो

**दुबई।** आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की बल्ले बल्ले हो गई है। भारत के अनुभवी खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने दुनिया के टॉप टी20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर के रूप में अपना स्थान फिर से कब्जाया है। वहीं तिलक वर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की लिस्ट में टॉप 10 में बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने 69 स्थानों की छलांग लगाई है।

पंड्या ने साउथ अफ्रीका में भारत की हालिया सीरीज के दौरान शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। पंड्या ने इस दौरान इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और



नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पछाड़कर टी20 ऑलराउंडर में टॉप पोजीशन हासिल की। यह दूसरी बार है जब पंड्या ने टी-20 ऑलराउंडरों की रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारतीय 31 वर्षीय पंड्या को हाल में ही मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के लिए रिटेन किया है। वहीं ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाड़ियों ने भी बढ़त हासिल की है।

**तिलक वर्मा बने टी20 के नंबर 3 बल्लेबाज**

भारत-साउथ अफ्रीका सीरीज के में प्लेयर ऑफ द मैच रहे तिलक वर्मा ने दो शतक और 280 रन बनाने बनाए, इसके साथ ही उन्होंने बल्लेबाजी चार्ट में 69 पायदान की छलांग लगाई। इस बढ़त के साथ वर्मा नंबर 1 रैंक वाले टी20आई बल्लेबाज ट्रेविस हेड के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसका मतलब है कि अब वह भारत के सबसे हाइएस्ट रेटिंग वाले बल्लेबाज हैं, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव एक पायदान नीचे खिसककर चौथे स्थान पर आ गए हैं। वहीं संजू सैमसन, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के साथ सीरीज के दौरान दो शतक भी लगाए।

### पुजारा की तरह लंबी पारी खेलना चाहते हैं लाबुशेन

**पर्थ।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन भारतीय तेज आक्रमण को थकाने के लिये लंबी पारी खेलना चाहते हैं जिस तरह से पिछली दो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में चेतेश्वर पुजारा ने खेली थी। पुजारा ने 2018.19 में चार टेस्ट की सात पारियों में 1258 गेंदें खेलकर तीन शतक जमाये थे। वह भारत की जीत के सूत्रधारों में से एक थे। उन्होंने 2020.21 की श्रृंखला में 928 गेंदें खेली जो श्रृंखला में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक थी और इस बार भी उन्होंने जीत में अहम योगदान दिया। लाबुशेन ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा ,'' यह श्रृंखला हम सभी के लिये अहम है । लंबे समय तक टिककर खेलने पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं ।''